

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : सोमवार 28 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


आप पार्टी की सरकार की नाकामी ने पंजाब को नशे की आग में झोंका

## मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त पंजाब-नशा विरोधी यात्रा में की शिरकत

### राजस्थान में भाजपा सरकार का नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





**फिरोजपुर, एजेन्सी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट में नशा विरोधी यात्रा-नशा मुक्त पंजाब के तहत जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आप आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां की सरकार की घोर नाकामी ने पंजाब को नशे की आग में झोंक दिया है। लेकिन अब यह साजिश और अधिक दिन नहीं चलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पंजाब सहित पूरे देश को नशे से बचाने का संकल्प लिया है। वर्ष 2029 तक भारत को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए मजबूत रोडमैप तैयार किया गया है, जो 200 से अधिक कार्य-बिंदुओं पर आधारित है। इसका उद्देश्य नशे के स्रोत, तस्करी के रूट और मुख्य सरगनाओं को बेनकाब करना तथा नशीली दवाओं की सप्लाई चेन और हवाला फंडिंग के तंत्र को तोड़ना है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने तीन से छह महीने में नशा खत्म करने की गारंटी दी थी, लेकिन इसके बाद तारीखें बदलती रहीं। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता की भावनाओं के साथ यह मजाक स्वीकार नहीं किया जा सकता। पंजाब सरकार की ओर से एनडीपीएस मामलों में सजा की दर बढ़ने का दावा किया गया है, लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 से 2024 के बीच पंजाब में 33 हजार से अधिक नशे के मामले दर्ज हुए। वर्ष 2025 में देशभर में ड्रोन से नशे की तस्करी की 305 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 298 घटनाएं पंजाब बॉर्डर पर हुई और 460 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई। उन्होंने कहा कि केवल छोटे मोहरों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, नशे के असली माफिया और हैंडलर तक पहुंचना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत देश की युवा शक्ति है। यदि युवा स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त होंगे, तभी भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होंने बताया कि नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा युवाओं को नशामुक्त भारत अभियान से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में नशे के तस्करों और सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। राज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा और खुफिया तंत्र को मजबूत करते हुए नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्त पंजाब आंदोलन पंजाब के भविष्य को बचाने की लड़ाई है और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी अब सड़कों पर उतरी है। इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए हम सभी को पंजाब को तस्करों के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता। नशे को हराने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा।

## सीएम शर्मा बोले- नकारी गई पार्टी एसआईआर पर सवाल खड़े कर रही

### राहुल गांधी ने राफेल पर झूठ बोला,फिर कोर्ट में माफी मांगी; कांग्रेस से पूछे 5 सवाल



**जयपुर कासं।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- विपक्ष हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की बात कर रहा है। पिछले 4-5 दिनों से विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस पार्टी गलत तथ्यों के आधार पर संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगा रही है। 27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने स्द्धक्र को सही ठहराया, लेकिन उसके बाद भी जनता की ओर से नकारी गई कांग्रेस स्द्धक्र पर सवाल खड़े कर रही है। इस पूरे मामले में एक खबर को आधार बनाया गया, जबकि उस खबर को चुनाव आयोग ने तथ्यहीन ठहराया दिया। राहुल गांधी ने फाइटर जेट राफेल पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कही।

### सीएम बोले- राहुल गांधी ने राफेल पर झूठ बोला

भजनलाल शर्मा ने कहा- राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। राफेल पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। निर्णय पक्ष में नहीं आने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाते हैं। यहां तक की भारत की सेना के शौर्य पर भी सवाल उठाते हैं।

**सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस से पूछे सवाल**

- एसआईआर में कथित मतभेद का प्रमाण क्या है?
- कैबिनेट सेक्रेटरी के पत्र को एसआईआर से जोड़ने का आधार क्या था?
- फॉर्म-6 में कथित बदलाव का दस्तावेज कहां है?
- मीडिया रिपोर्ट को राजनीतिक आरोप का आधार बनाने से पहले उसका सत्यापन हुआ था या नहीं?
- निर्वाचन आयोग के संयुक्त स्पष्टीकरण के बाद क्या उन आरोपों की समीक्षा की जाएगी?

### सीएम बोले- जनता के बीच काम करोगे तो कुछ मिल जाएगा

सीएम ने कहा- मेरी कांग्रेस को सलाह है कि वह जनता के बीच जाकर जनता के लिए काम करने की आदत डालें। जनता उनको पूरी तरह से नकार चुकी है, जनता के बीच जाएंगे तो उनके लिए ठीक रहेगा। जनता के बीच काम करोगे तो कुछ मिल जाएगा। संस्थाओं को बदनाम करने का काम मत कीजिए।

भजनलाल शर्मा ने कहा- अगर कांग्रेस इसी तरह से काम करती रही तो रसातल में चली जाएगी। कांग्रेस के लोग जब भी चुनाव हारते हैं तो अपने कर्मों को नहीं, दूसरों पर ठीकरा फोड़ने का काम करते हैं। ये अपनी हार तो पचाते है, लेकिन दूसरे की जीत नहीं पचा पाते हैं।

कोई भी चुनाव देख लीजिए, कांग्रेस जब-जब चुनाव हारी है उसने कहीं न कहीं, किसी पर आरोप लगाए हैं।

वांगचुक ने सरकार को 2 अक्टूबर की डेडलाइन दी

## कहा- लद्दाख मामले पर जरूरी कदम नहीं उठाए गए, प्रदर्शन करेंगे; पिछले साल लद्दाख में हिंसा हुई थी



**नई दिल्ली एजेन्सी।** लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर सोनम वांगचुक ने 2 अक्टूबर तक की डेडलाइन दी है। उन्होंने को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में बहुत कम प्रगति हुई है।

वांगचुक ने यह बात लेह में पिछले साल 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद ह्रू के तहत हिरासत में लिए जाने के एक साल पूरे होने पर कही। इस हिंसा में पुलिस कार्रवाई के दौरान चार लोगों की मौत हुई थी।

उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर तक सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया तो शांतिपूर्ण प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

### जांच और जवाबदेही पर सवाल, 2 बातें...

- जांच पर सवालः सोनम वांगचुक ने पूछा कि उन लद्दाख हिंसा की जांच के लिए बनाए गए आयोग की रिपोर्ट का क्या हुआ। अधिकारी, उपराज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री इन कार्रवाइयों के आदेश के बारे में कब जवाब देंगे।
- सलाह के बिना नीतियां बन रहींः वांगचुक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों से सलाह लिए बिना नीतिगत फैसले पहले ही किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जमीन, औद्योगिक नीति, पर्यटन नीति या स्थानीय शासन से जुड़े सभी नीतिगत फैसले पहले ही किए जा रहे हैं। अगर ये सब अभी तय कर दिया गया तो लोकतांत्रिक ढांचे के लिए क्या बचेगा?'

## राजनाथ बोले- आतंकवाद को पनाह दी तो बातचीत की गुंजाइश खत्म

### भारत शांति चाहता है लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं; हर तरह की कार्रवाई को तैयार



**नई दिल्ली एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर पड़ोसी देश आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के तौर पर जारी रखता है, तो भारत उससे बातचीत जारी नहीं रख सकता। देश आतंकवाद के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

सिंह ने दिल्ली में आयोजित एनडीटीवी डिफेंस समिट में कहा कि भारत शांति चाहता है और किसी दूसरे देश की जमीन पर कब्जा करने की इच्छा नहीं रखता। लेकिन शांति और कायरता में फर्क है। भारत अपनी सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं करेगा।

**पीएम मोदी ने आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने की जरूरत बताई**

पीएम मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने की जरूरत बताई थी। उन्होंने आतंकवाद की फंडिंग, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा था कि भारत को आतंकवाद से अपनी रक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा था कि आतंकवाद के साथ दोस्ती और सद्भावना साथ-साथ नहीं चल सकते।

**राजनाथ बोले- भारत किसी खेमे में नहीं, बयान की 3 बड़ी बातें**

1. **रणनीतिक स्वायत्तता पर समझौता नहीं-** भारत वैश्विक स्थिरता चाहता है, लेकिन अपनी रणनीतिक स्वायत्तता की कीमत पर नहीं। हमारी नीति बिल्कुल स्पष्ट है।
2. **भारत को 'सिविलाइजेशनल पावर' बताया-** सिंह ने 'थ्यूसीडाइड्स ट्रैप' का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को खुद को सिर्फ मौजूदा ताकत और उभरती ताकत के बीच के संघर्ष के तौर पर नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत न तो यथास्थिति बनाए रखने वाली ताकत है और न ही मौजूदा व्यवस्था बदलने वाली ताकत, बल्कि वह एक 'सिविलाइजेशनल पावर' है।
3. **ऑपरेशन और सहयोग राष्ट्रीय हितों के हिसाब से-** भारत ऑपरेशन चाहता है, लेकिन राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं। भारत सहयोग चाहता है, लेकिन राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं।

## नेपाल में फिर से बाढ़-लैंडस्लाइड, 6 की मौत

### घर-पुल बहे, हाईवे बंद; एक महीने पहले आई बाढ़ में 1453 मौतें, 5500 से ज्यादा लापता



**काठमांडु एजेन्सी।** नेपाल में लगातार बारिश के बीच बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बागलुंग जिले में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बेटों की मौत हो गई। पाल्पा जिले में 2 लोग मारे गए हैं।

वहीं, बाढ़ और भूस्खलन से कई घर और पुल बह गए हैं। कई जगह हाईवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। बुटवल में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 1,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ में 1453 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5500 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

**खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर बह रही नारायणी नदी**

लगातार बारिश के कारण नेपाल की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। देवघाट में नारायणी नदी रविवार सुबह 7:45 बजे 11 मीटर पर बह रही थी। यह खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर है। अधिकारियों ने नदी का जलस्तर और बढ़ने की आशंका जताई थी। बुटवल में बाढ़ के खतरे को देखते हुए करीब 200 परिवारों को उनके घरों से हटाया गया। कई इलाकों में बाढ़ का पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

## एशियन गेम्स- भारत को स्क्वॉश में 2 सिल्वर, अभय और अनाहत अपने-अपने फाइनल मैच हारे; बॉक्सिंग के 2 मेडल पक्के



**नई दिल्ली एजेन्सी।** भारत ने एशियन गेम्स में रविवार को 2 सिल्वर मेडल जीते। अभय सिंह और अनाहत सिंह स्क्वॉश में अपने-अपने फाइनल मैच हार गए। अभय सिंह को मेंस सिंगल्स के फाइनल में मलेशिया के एनजी एइन योव ने 3-0 से हराया। जबकि, अनाहत को मलेशिया की सिवासंगरी सुब्रमणियम ने 3-0 से मात दी।

हरिता भद्रा ने महिला 200 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने 23.20 सेकेंड के साथ रेस पूरी की। बॉक्सिंग में अंकुश पंघाल और परवीन हुड्डा ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल जीतकर भारत के 2 और मेडल पक्के कर दिए। अंकुश ने मेंस 80 किग्रा में ताजिकिस्तान के नेक्रूज सलीमोव को 5-0 को हराया। परवीन ने महिला 65 किग्रा में उज्बेकिस्तान की नवबहोर खामिदोवा को 5-0 से हराया।

8वें दिन भारत 3 मेडल जीत चुका है। इसी के साथ भारत के 33 मेडल हो गए हैं। इसमें 4 गोल्ड, 14 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

**मुरली मेंस लॉन्ग जम्प के फाइनल में**

लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर और डेविड सोलोमन ने एथलेटिक्स के मेंस लॉन्ग जम्प इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, पीवी सिंधु बैडमिंटन के विमिंस सिंगल्स का क्वार्टर फाइनल हार गई हैं। उन्हें चीन की चेन यूफेई ने 11-21, 21-18, 21-10 से हराया।

### एथलेटिक्सः हरिता भद्रा ने 200 मीटर में जीता ब्रॉन्ज

भारत की हरिता भद्रा ने महिला 200 मीटर में ब्रॉन्ज पदक जीता। उन्होंने 23.20 सेकंड का समय निकालकर रेस पूरी की। वेरोनिका शांति परेरा ने 22.78 सेकंड के समय के साथ गोल्ड जीता। 100 मीटर की चैंपियन चेन युजी ने 22.93 सेकंड के साथ सिल्वर अपने नाम किया।

## यूपीआई ट्रांजेक्शन पर चार्ज का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

### 0.4% एमडीआर लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई




**नई दिल्ली एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट 28 सितंबर को यूपीआई पेमेंट पर चार्ज लेने से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। सरकार ने 2,000 से ज्यादा के पेमेंट पर 0.4% फीस लगाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी है। याचिका में इस फीस लेने को रद्द करने की मांग की गई है।

**सीजेआई सूर्यकांत की तीन जजों की बेंच करेगी सुनवाई**

कोर्ट की कॉज लिस्ट के अनुसार, यह मामला चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच के सामने सुनवाई होगी। वकील अंजन दत्ता ने ये जनहित याचिका की है।

**बिना सलाह और ठोस कानून के फीस लगाने का आरोप**

याचिका में कहा गया है कि सरकार ने जनता से चर्चा किए बिना और कोई ठोस नियम बनाए बिना ही यह फीस तय कर दी। इसके अलावा, 'पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007' के एक नियम (धारा 10A) को भी अदालत में चुनौती दी गई है। आरोप है कि यह नियम सरकार को अपनी मर्जी से यह फैसला करने की छूट देता है कि कौन-सा डिजिटल पेमेंट फ्री रहेगा और किस पर चार्ज लगेगा।

# लोकनायक लूणाराम सारण की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता सम्पन्न

**बीकानेर (खबर आस पास)** श्रेयांस बैद। अव्वल विधार्थी 29 सितम्बर को आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में होंगे पुरस्कृत। लोकनायक लूणाराम सारण की 30वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पर रविवार को महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास में विद्यार्थियों हेतु सामान्य ज्ञान, निबन्ध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया ने बताया कि प्रतियोगिता में 209 विद्यार्थियों की भागीदारी रही । छात्रों ने अपनी शैक्षिक दक्षता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र एवं समाज के ज्वलंत मुद्दों जल संग्रह, जैविक खेती, महिला सशक्तीकरण पर अपनी प्रस्तुतियां दी ।

भाषण एवं कविता प्रतियोगिता में शिक्षा अधिकारी भंवरलाल जानूँ, सेवानिवृत्त उपनिदेशक प्रभुदयाल डेलू, संवाददाता कपिला स्वामी, डॉ दीपिका ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई ।

प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को 29 सितम्बर को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा ।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में हंसराज गोदारा, ओमप्रकाश बाना, सुभाष भाम्भू, लेखराम गोदारा, मोहनलाल ज्याणी, पेमाराम चोटिया, भंवरलाल जाखड़, कैलाशचंद, रामलाल हरडु, रामनिवास धायल की भागीदारी रही ।

एडवोकेट श्याम सुंदर आर्य, समाजसेवी तुलसीराम चोरडिया, तुलछीराम गोदारा, लक्षणराम खिलेरी, रामचन्द्र गीला, सहीराम मेघवाल, भंवरलाल जाखड़, सांवरमल, कानाराम गोदारा, रामनिवास जाखड़, श्यामसिंह सारण, संगीता बेनीवाल, सुभाष कड़वासरा आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया । छात्रावास अधीक्षक श्रवण कुमार भाम्भू ने सभी का आभार प्रकट किया ।

# आयुष्मान जोशी ने तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बीकानेर टीम में बनाई जगह



**बीकानेर (खबर आस पास)।** 67वीं जिला स्तरीय प्राथमिक छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज हुआ। आर्यन पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में फ्लोरिस्ट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी आयुष्मान जोशी ने अंडर-14 कंपाउंड छात्र वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। नंदलाल जोशी चैरिटेबल फाउंडेशन की डायरेक्टर पूजा आचार्य ने बताया कि आयुष्मान ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए बीकानेर जिले की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। आयुष्मान NLJCF स्पोर्ट्स एकेडमी में नियमित रूप से तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर अकादमी के प्रशिक्षक अनिल जोशी, सह-प्रशिक्षक हर्षित स्वामी एवं सह-प्रशिक्षक दीपांशु व्यास ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। अकादमी प्रशिक्षकों ने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के माध्यम से युवा खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आयुष्मान की यह उपलब्धि अन्य उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। NLJCF स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्देश्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

## राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति का साहित्यकार समारोह सम्पन्न

# कागज से स्क्रीन तक बदली सृजन की दुनिया : संवेदना बचाए रखना चुनौती : डुकवाल

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता शब्दों को सजा सकती है, पर किसी अनुभव की धड़कन मनुष्य ही दे सकता है-दुगड़

### सृजन सम्मान व पुरस्कार अर्पित। कागज से स्क्रीन तक की सृजन की दुनिया पर संगोष्ठी






**श्रीडूंगरगढ़/बीकानेर श्रेयांस बैद(खबर आस पास)।** राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति द्वारा संस्कृति भवन में साहित्यकार समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कोटा कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला डुकवाल ने कहा कि कागज से स्क्रीन तक पहुँचा साहित्य केवल माध्यम का परिवर्तन नहीं, मनुष्य की पढ़ने और सोचने की आदतों का परिवर्तन भी है। तकनीक ने शब्दों को गति और विस्तार दिया है, लेकिन साहित्य की असली शक्ति आज भी उसके ठहराव और संवेदना में है। डुकवाल ने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि स्क्रीन की तेज रोशनी हमारी अंतर्दृष्टि को धुंधला न कर दे और सूचना के शोर में साहित्य की आवाज दब न जाए। संस्थाध्यक्ष श्याम महर्षि ने संस्था की गतिविधियों को विस्तार से साझा करते हुए कहा कि आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती शब्दों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना नहीं, बल्कि उन्हें इतने गहरे पहुँचाना है ताकि पाठक कुछ क्षण ठहरकर स्वयं से मिल सके।

मुख्य वक्ता डॉ. मदन गोपाल लढ़ा ने कहा कि सृजन की दुनिया में कागज से लेकर स्क्रीन तक का सफर बहुवर्णी तथा बहुआयामी है। निश्चय ही तकनीक के प्रसार से रचना और कला के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। रचनाधर्मियों को तकनीक का सदुपयोग करते हुए इसके नकारात्मक प्रभावों से लेखन को बचाना होगा तभी संवेदनशील और संस्कारित समाज का निर्माण संभव होगा।

मुख्य अतिथि जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं के कुलपति प्रो. बच्छराज दुगड़ ने कहा कि माध्यम चाहे कागज हो या स्क्रीन, सृजन की अंतिम कसौटी यही है कि वह मनुष्य को भीतर से कितना छू पाता है। स्क्रीन ने हमारे हाथ में संसार दे दिया, पर साहित्य का काम अब भी हमें अपने भीतर का संसार दिखाना है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व साहित्यकार डॉ. सूरज सिंह नेगी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कभी शब्द कागज पर उतरकर पाठक तक पहुँचते थे, आज स्क्रीन पर आते ही दुनिया में फैल जाते हैं, लेकिन मन तक पहुँचने की दूरी अब भी उतनी ही है।

समारोह के प्रारम्भ में समारोह की रूपरेखा साझा करते हुए संस्था सचिव साहित्यकार रवि पुरोहित ने कहा कि सृजन का असली घर न कागज है, न स्क्रीन। उसका घर मनुष्य का मन है। माध्यम बदलते रहेंगे, उपकरण बदलते रहेंगे, पढ़ने और लिखने की आदतें बदलती रहेंगी, लेकिन मनुष्य की जरूरत-किसी दूसरे मनुष्य द्वारा समझे जाने की, अपनी अनुभूति और समय को अर्थ देने की बनी रहेगी।

साहित्यश्री से समादृत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधुकांत ने शब्द की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि आज प्रश्न यह नहीं कि कागज बचेगा या स्क्रीन। प्रश्न यह है कि शब्दों की आत्मा बचेगी या नहीं। सफल व सरस संचालन कवयित्री भगवती पारीक 'मनु' ने किया। समारोह में महावीर माली, विजय महर्षि, भवानी-कांति उपाध्याय, विनोद सिखवाल, पंकज बिंदिया ओझा, प्रशांत बिस्सा, रामचन्द्र राठी, बजरंग शर्मा, मदन सैनी, महावीर सारस्वत, डॉ. चेतन स्वामी, भरतसिंह राठौड़, मनमोहन कल्याणी, ओम गुरावा, गोपीराम नाई, डॉ. विनोद सुथार, नगरपालिका उपाध्यक्ष विनोद गिरी गुसांई, सत्यनारायण योगी, दयाशंकर शर्मा, अम्बिका डागा, रेणु प्रजापत, तमन्ना झाबक, मधु झाबक, पूर्व पालिकाध्यक्ष मानमल शर्मा, गिरधारी सिंधी, विमल भाटी सहित अनेक सम्भागियों ने भाग लिया।

**इनका हुआ सम्मान**

मधुकांत, रोहतक को मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान, डॉ. सूरजसिंह नेगी, जयपुर को डॉ. नन्दलाल महर्षि स्मृति हिन्दी सृजन पुरस्कार, डी.पी. पचीसिया, बीकानेर को रामकिशन उपाध्याय स्मृति समाज सेवा सम्मान, श्रीमती मीरा जैन, उज्जैन को शिवप्रसाद सिखवाल स्मृति महिला लेखन पुरस्कार, डॉ. सतीश कुमार, किशनगढ़ को सुरेश कंचन ओझा लेखन पुरस्कार, श्री अरविंद पथिक, गाजियाबाद को श्री चन्द्रमोहन हाड़ा हिमकर स्मृति उपन्यास लेखन पुरस्कार और लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बस्ती को श्याम सुन्दर नागला स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार अर्पित किये गये।

# गुलाब चंद कटारिया कल हीरेश्वर महादेव मंदिर में अभिनंदन एवं वृक्षारोपण समारोह में होंगे शामिल



**बीकानेर (खबर आस पास)।** पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया अपने बीकानेर प्रवास के दौरान सोमवार, 28 सितंबर को पूगल रोड स्थित हीरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भव्य अभिनंदन एवं वृक्षारोपण समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया जाएगा।

समारोह में गुलाब चंद कटारिया का भव्य अभिनंदन किया जाएगा तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। आयोजक गोपाल गहलोत ने बताया कि राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिनंदन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# 15वीं संयुक्त राष्ट्र अपराध निवारण एवं आपराधिक न्याय बैठक में केंद्रीय क़ानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल करेगा भागीदारी



**बीकानेर (खबर आस पास)।** माननीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री अर्जुन राम मेघवाल दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान अबूधाबी में आयोजित 15वीं संयुक्त राष्ट्र अपराध निवारण एवं आपराधिक न्याय की बैठक में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (UNODC) द्वारा 26 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2026 के दौरान किया जा रहा है। इस उच्चस्तरीय बैठक में विधि व न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल – 'शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को सतत विकास के लिए सुनिश्चित करने हेतु अपराध निवारण, आपराधिक न्याय और विधि के शासन में तेजी लाना।' विषय पर भारत की ओर से अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी का उद्देश्य डिजिटल युग के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण हेतु भारत की पहलों को प्रदर्शित करना है। इस दौरान भारत में लागू की गई नई आपराधिक न्याय प्रणाली– भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) तथा इनके कार्यान्वयन से जुड़े प्रमुख पहलुओं को भी विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, साइबर अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य पर्यावरणीय अपराधों के संबंध में बेहतर अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माण व कार्यान्वयन पर जोर दिया जाएगा। इस उच्चस्तरीय बैठक के अलावा , भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एक द्विपक्षीय बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया जाना प्रस्तावित है।

# ऊंटनी के दूध पर शोध को मिली बड़ी उपलब्धि, डॉ. राजकुमार बेरवाल को भारत सरकार से पेटेंट

### ऊंटनी के दूध से बने दुग्ध उत्पादों की पोषण गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता और सेल्फ लाइफ बढ़ाने की तकनीक पर हुआ महत्वपूर्ण शोध

**बीकानेर (खबर आस पास) श्रेयांस बैद।** राजस्थान के लिए गौरव की बात है कि राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं स्वदेशी दुग्ध उत्पाद परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. राजकुमार बेरवाल के ऊंटनी के दूध पर किए गए शोध को भारत सरकार की ओर से पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि ऊंटनी के दूध एवं उससे तैयार होने वाले मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

डॉ. बेरवाल के अनुसार ऊंट राजस्थान का राज्य पशु है। देश में ऊंटों की संख्या करीब चार लाख है तथा भारत में ऊंटों की नौ पंजीकृत नस्लें हैं। इनमें राजस्थान की बीकानेरी, जैसलमेरी, जालोरी, मारवाड़ी एवं मेवाती प्रमुख नस्लें हैं। देश के कुल ऊंटों में लगभग 85 प्रतिशत ऊंट राजस्थान में पाए जाते हैं, ऐसे में ऊंटनी के दूध पर वैज्ञानिक शोध का राजस्थान के पशुपालकों और दुग्ध क्षेत्र से विशेष महत्व जुड़ा हुआ है।

**शोध में प्रोटीन पर किया गया विशेष प्रयोग**

शोध के दौरान ऊंटनी के दूध में मौजूद कैसीन प्रोटीन पर विशेष रूप से कार्य किया गया। ऊंटनी के दूध में लगभग 3 से 5 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है, जिसमें कैसीन प्रमुख प्रोटीन है। शोधकर्ताओं के अनुसार इसमें बीटा-केसीन प्रोटीन की उपस्थिति उल्लेखनीय है, जो हाइड्रोलिसिस के बाद सक्रिय पेप्टाइड्स में परिवर्तित हो सकता है।

डॉ. बेरवाल ने बताया कि शोध में कैसीन प्रोटीन पाउडर हाइड्रोलिसेट को अल्ट्रासोनिक किरणों एवं विभिन्न एंजाइमों की सहायता से हाइड्रोलाइज कर तैयार किया गया। इसके बाद इस तकनीक का उपयोग विभिन्न दुग्ध उत्पादों में वैल्यू एडिशन के लिए किया गया।

**उत्पादों की गुणवत्ता और सेल्फ लाइफ में हुआ सुधार**

शोध के परिणामों में सामने आया कि विकसित तकनीक के उपयोग से तैयार किए गए दुग्ध उत्पादों की पोषण गुणवत्ता, न्यूट्रिटिव वैल्यू और यील्ड में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। साथ ही शोध के अनुसार इन उत्पादों की सेल्फ लाइफ भी लगभग दोगुनी हुई। ऊंटनी के दूध में मौजूद विभिन्न पोषक तत्वों के कारण इसे मानव पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। हालांकि किसी बीमारी के उपचार या उससे छुटकारे के संबंध में चिकित्सकीय दावे करने के बजाय इसके पोषण एवं संभावित जैव-सक्रिय गुणों पर वैज्ञानिक अध्ययन महत्वपूर्ण हैं। भारत सरकार द्वारा इस शोध को पेटेंट प्रदान किया जाना राजस्थान के वैज्ञानिक अनुसंधान, ऊंटपालन एवं स्वदेशी दुग्ध उत्पादों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे भविष्य में ऊंटनी के दूध से नए मूल्यवर्धित उत्पाद विकसित करने तथा ऊंटपालकों को बेहतर आर्थिक अवसर उपलब्ध कराने की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।




# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के बीकानेर आगमन पर विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया स्वागत एवं अभिनंदन

**बीकानेर (खबर आस पास)** श्रेयांस बैद। पंजाब के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद जी कटारिया के बीकानेर आगमन पर रविवार को नाल एयरपोर्ट पर श्रीडूंगरगढ़ विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद जी कटारिया का बीकानेर आगमन पर स्वागत करते हुए उनके सुखद एवं सफल प्रवास की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों के बीच शिष्टाचार भेंट हुई तथा विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण संवाद भी हुआ।

विधायक सारस्वत ने कहा कि महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद जी कटारिया का बीकानेर आगमन क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने महामहिम के सम्मान में आत्मीय भाव व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर एयरपोर्ट परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

# गांधी के सत्य से खेलों के अनुशासन तक—संडे स्पोर्ट्स लैब में 120 बच्चों ने लिया फिटनेस का संकल्प

## विश्व पर्यटन दिवस एवं गांधी जयंती के पूर्व खेल, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश

**बीकानेर (खबर आस पास) श्रेयांस बैद।** विश्व पर्यटन दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व रविवार को दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित संडे स्पोर्ट्स लैब में खेल, फिटनेस, मनोरंजन और गांधीजी के जीवन मूल्यों का अनूठा संगम देखने को मिला। गांधी पार्क से शुरू हुए कार्यक्रम में करीब 120 बच्चों एवं युवाओं ने दौड़, एक्सरसाइज, मनोरंजक खेल, टीम गतिविधियों और ध्यान-केंद्रित अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष थीम 'फिटनेस की पहल–खेलों की ओर कदम' रखी गई। बच्चों को फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार खेल चुनने तथा सत्य, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गांधी पार्क में विभिन्न फिटनेस गतिविधियों से हुई। बच्चों ने दौड़, वार्मअप, एक्सरसाइज, मनोरंजक खेलों और टीम आधारित गतिविधियों में भाग लिया। इसके बाद गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए प्रतिभागियों को आर्मी टैंक तक ले जाया गया, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की निदेशक ने बताया कि संडे स्पोर्ट्स लैब का उद्देश्य बच्चों को केवल रविवार की गतिविधियों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनमें खेल और फिटनेस को नियमित आदत के रूप में विकसित करना है। बच्चों को विभिन्न खेलों की बेसिक स्किल्स, शारीरिक क्षमता, समन्वय, एकाग्रता, गति और टीमवर्क से परिचित कराया जा रहा है, ताकि वे अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार उपयुक्त खेल का चुनाव कर सकें।

उन्होंने कहा कि कम उम्र में बच्चों को अलग-अलग खेलों का अनुभव मिलने से वे अपनी क्षमता को बेहतर ढंग से पहचान पाते हैं और खेल को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवनशैली एवं व्यक्तित्व विकास का माध्यम बना सकते हैं ।

कार्यक्रम की ध्यान-केंद्रित गतिविधि में आज पहली बार शामिल हुए गोपाल, निवासी सागर, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया। करीब 120 बच्चों के बीच गोपाल का प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। आयोजन से जुड़े सदस्यों ने उसके प्रयास की सराहना करते हुए उसे आगे भी नियमित रूप से खेल एवं फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

फाउंडेशन के वरिष्ठ निदेशक उमाशंकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अनुशासन और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। खेल भी बच्चों के व्यक्तित्व में इन्हीं मूल्यों को मजबूत करता है। खेल के मैदान में सीखा अनुशासन और टीम भावना जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होती है।

उन्होंने बच्चों से फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का संचालन डीन दयाल देवरा ,कोमल, निकोलस, हर्ष, देवराज सिंह, कानू, निशा, हिताशा, साक्षी, कुसुम, विष्णु, रामनिवास एवं कोमल सहित टीम सदस्यों द्वारा किया गया। दुनिशा एवं तिथि ने बच्चों के लिए जुम्बा डांस गतिविधि करवाई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संडे स्पोर्ट्स लैब में रीस्टार्ट जिमनास्टिक अकैडमी फाउंडेशन का निरंतर सहयोग भी बना हुआ है। दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से बच्चों को खेल, फिटनेस और विभिन्न खेल कौशल से जोड़ने के लिए नियमित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों में फिटनेस, अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और निष्क्रिय जीवनशैली से बाहर निकालकर खेल के मैदान से जोड़ना और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा।

### कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को संदेश दिया गया–

'फिटनेस को आदत बनाएं, अपनी पसंद का खेल चुनें और सत्य व अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ें।'

दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन का संडे स्पोर्ट्स लैब के माध्यम से प्रयास है कि बीकानेर के अधिक से अधिक बच्चे एवं युवा नियमित रूप से खेलों से जुड़ें और उन्हें स्वस्थ, अनुशासित, आत्मविश्वासी एवं सकारात्मक भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर मिलें।